भोले नाथ से लगन मोहे ऐसी लगी

बम बम भोले बम बम भोले,
काशी भोले बम बम भोले,
ॐ नमः शिवाये,

भोले नाथ से लगन मोहे ऐसी लगी,
मैं शिव की जोगन बन गई रे,
तेरा भोला भला बड़ा प्यारा मेरा भोला ही सहारा,
भोले की भक्ति में रम गई रे,
भोले नाथ से लगन मोहे ऐसी लगी,

हर पल हर छन दिल मेरा बोले बम बम भोले जय शिव भोले,
यही मन्त्र मेरे मन को लुभाये हर हर भोले नमः शिवाये,
मेरा नहीं कोई दूजा करू शिव की मैं पूजा मेरी दुःख की घडी अब थम गई रे,
भोले नाथ से लगन मोहे ऐसी लगी,

कैलाशी देव घर के वासी मेरे गुरु है शिव सन्यासी,
मीरा दे तो शिव का शिवाला यहाँ वसा बाबा डमरू वाला,
नित सुबह हो शाम जपु भोले का नाम अनु भोले के रंग में रंग गई रे,
भोले नाथ से लगन मोहे ऐसी लगी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11389/title/bhole-nath-se-lagan-mohe-esi-lagi-main-shiv-ki-jogan-ban-gai-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |